# सुखमय जीवन के लिए अपनी सेवानिवृत्ति योजना आज ही बनायें



**विभा पडलकर**
**एमडी एवं सीईओ, एचडीएफसी लाइफ**

**जब वित्तीय लक्ष्यों की बात आती है, तो समय आपका मित्र होता है क्योंकि समय आपको अपने धन को बढ़ाने और यह सुनिश्चित करने की अनुमति देता है कि आपका निवेश पूंजी के एक बड़े पूल में विकसित हो। ऐसे कई कारक हैं, जैसे बढ़ती जीवन प्रत्याशा, मुद्रास्फीति, बढ़ते स्वास्थ्य देखभाल खर्च और अप्रत्याशित खर्च इत्यादि, जो पर्याप्त रूप से तैयार नहीं होने पर इस कोष को ख़त्म कर सकते हैं। संक्षेप में, सेवानिवृत्ति योजना आपकी वित्तीय स्वतंत्रता को बनाए रखने, अप्रत्याशित परिस्थितियों से बचाने और अपने प्रियजनों के लिए एक स्थायी विरासत छोड़ने के बारे में है।**

भारत के पेंशन बाजार की पैठ अभी बहुत कम है, सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के मात्र लगभग 3% पर। हमारे कुछ विकासशील और विकसित समकक्ष देशों की तुलना में यह बेहद कम है। हमारा सेवानिवृत्ति बचत अंतर सालाना 10% की दर से बढ़ कर वर्ष 2050 तक लगभग 96 लाख करोड़ (ट्रिलियन) डॉलर तक चले जाने की संभावना है। इसके अतिरिक्त, कुछ अध्ययनों में के अनुसार हमारी जनसंख्या में 65 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों का प्रतिशत 2021 में 7% है, जो 2050 में दोगुने से अधिक होकर 15% हो जायेगा।

आईपीएसओएस के साथ साझेदारी में एचडीएफसी पेंशन द्वारा किये गये एक हाल के अध्ययन से पता चला है कि उत्तरदाताओं के लिए बचत का पहला लक्ष्य उनके बच्चे की शिक्षा और उसके बाद उनके माता-पिता की देखभाल करना था। अधिकांश व्यक्तियों की वित्तीय नियोजन सूची में आम तौर पर सेवानिवृत्ति योजना को प्राथमिकता नहीं दी जाती है।

जब वित्तीय लक्ष्यों की बात आती है, तो समय आपका मित्र होता है, क्योंकि समय आपको अपने धन को बढ़ाने और यह सुनिश्चित करने में मदद करता है कि आपका निवेश एक बड़ी पूँजी बन कर विकसित हो। कंपाउंडिंग की उल्लेखनीय शक्ति एक बड़े कोष के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। यदि 30 साल का एक व्यक्ति 60 साल की उम्र में अपनी सेवानिवृत्ति के लिए 5 साल पहले से बचत शुरु करे तो उसका कोष 10.5 गुना के बदले 23.5 गुना हो जायेगा (13% वार्षिक प्रतिफल या रिटर्न पर 5,000 रुपये मासिक बचत मान कर)।

किसी व्यक्ति के पास एक अच्छा कोष होना चाहिए, जो उसकी सेवानिवृत्ति के बाद के खर्चों को पूरा कर सके। यदि पर्याप्त तैयारी नहीं हो तो बढ़ती जीवन प्रत्याशा, महँगाई, स्वास्थ्य सेवाओं के बढ़ते खर्च और कुछ अप्रत्याशित खर्च आदि कारक सेवानिवृत्ति कोष को खाली कर दे सकते हैं। संक्षेप में, सेवानिवृत्ति योजना आपकी वित्तीय स्वतंत्रता को बनाये रखने, अप्रत्याशित परिस्थितियों से बचाने और अपने प्रियजनों के लिए एक स्थायी विरासत छोड़ने के बारे में है।

**ऊपर बताये जोखिमों को कम करने के लिए आप कुछ प्रमुख कदम उठा सकते हैं :**

**1. व्यापक वित्तीय योजना :** एक विस्तृत सेवानिवृत्ति योजना विकसित करें, जिसमें आय स्रोतों, व्यय और निवेश रणनीतियों का ध्यान रखा गया हो।

**2. पेशेवर सलाह लेना :** अपनी विशिष्ट स्थिति के अनुसार रणनीतियाँ बनाने के लिए वित्तीय सलाहकारों से परामर्श लें। जटिल वित्तीय स्थितियों से पार पाने और आपकी धन संरक्षण योजना को बेहतर बनाने में उनकी विशेषज्ञता मदद कर सकती है।

**3. नियमित पोर्टफोलियो समीक्षा :** समय-समय पर समीक्षा करें और वांछित संपत्ति आवंटन को बनाये रखने के लिए अपने निवेश पोर्टफोलियो को पुनर्संतुलित करें। इससे जोखिम प्रबंधन में मदद मिलती है और आपका निवेश आपके वित्तीय लक्ष्यों के अनुरूप बना रहता है।

**4. एक आपातकालीन कोष का निर्माण :** अप्रत्याशित खर्चों को पूरा करने के लिए एक आपातकालीन कोष बना कर रखने से बाजार में गिरावट के दौरान दीर्घकालिक निवेश की आवश्यकता कम हो जायेगी।

**5. सूचित रहना :** वित्तीय रुझानों, निवेश विकल्पों और आर्थिक स्थितियों की जानकारी रहना आपको सूचित निर्णय लेने और बदलते वित्तीय परिदृश्य के अनुकूल होने में सक्षम बनायेगा।

उपलब्ध उत्पादों का गहन अध्ययन करना आवश्यक है। उदाहरण के लिए, कोष संचय वाले दौर में पीपीएफ, ईपीएफ, एनपीएस, म्यूचुअल फंड, एफडी और एनडॉवमेंट बचत योजनाओं पर विचार किया जा सकता है।

बीमा कंपनियों द्वारा दी जाने वाली नॉन-पार बचत योजनाओं की दीर्घकालिक दर गारंटी सुविधा एक अनूठी विशेषता है जो सेवानिवृत्ति योजना के लिए महत्वपूर्ण है। इसी तरह, सेवानिवृत्ति के बाद, संचित कोष से निकासी वाले चरण में जीवन बीमाकर्ताओं द्वारा दी जाने वाली वार्षिकी (एन्युटी) योजनाओं पर विचार करें।

आप लंबी अवधि में बचत करने और अपने कामकाजी वर्षों के दौरान पर्याप्त धनराशि बनाने के लिए जीवन बीमा उत्पादों का उपयोग कर सकते हैं। एक बार जब आप सेवानिवृत्त हो जाते हैं, तो आप वार्षिकी (एन्युटी) योजनाएँ चुन सकते हैं, जो आपको नियमित भुगतान देती हैं, जिससे आप अपना जीवन स्तर बनाये रख सकते हैं। ऐसी वार्षिकी योजनाओं की मुख्य विशेषता यह है कि आपकी आय जीवन भर के लिए गारंटीकृत है और जब तक आप जीवित रहेंगे, तब तक यह कभी खत्म नहीं होगी।

भविष्य के लिए योजना बनाना चुनौतीपूर्ण होने के साथ-साथ रोमांचक भी है। अक्सर आप रिटायरमेंट के बाद की जिंदगी को नजरअंदाज करते हुए परिवार के बाकी सदस्यों के लिए योजना बनाने में व्यस्त रहते हैं। सेवानिवृत्ति एक वास्तविकता है, जिसका आप सामना करेंगे और योजना में देरी करने से कोई मदद नहीं मिलेगी। आज से ही शुरुआत करें, ताकि आप सेवानिवृत्ति के बाद भी अपने सपनों का जीवन जी सकें।